„Sahara" - Zeitung. Ausgabe Almora, Bhageshwar
9. April 2015

शिशु मंदिरों में बढ़ते हैं संस्कार : कोश्यारी



धानाचूली में भगत सिंह कोश्यारी कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए।

■ शिशु का चरित्र निर्माण करना होगा, मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक शिशु मंदिर की शिक्षा ग्रहण कर बने हैं

■ सरस्वती शिशु मंदिर धानाचूली के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे

धानाचूली (एसएनबी)। सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगतसिंह कोश्यारी के कहा कि शिशु मंदिर ही भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि यह बात कही।

बुधवार को धानाचूली शिशु मंदिर के रजत जयंती वार्षिकोत्सव में कोश्यारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की नीव शिशु मंदिर ही है। जहां पर शिशुओं को पढ़ाई के साथ ही भारतीय संस्कृति का बोध कराया जाता है। आज भी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री इन्ही शिशु मंदिरों से पढ़े हुए हैं। और कहा कि हमें अपनी संस्कृति नही भूलनी चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सरस्वती व भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात शिशु मंदिर के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने व नैनीताल से आए गायक चंदन सिंह मेहरा व साथियों ने झोड़ा, छपेली, शिशु गीत, कुमाऊंनी, गढ़वाली, भक्ति-गीत व कृष्ण-गीत की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। इसका स्थानीय जनता ने लुफ्त उठाया। उद्घाटन से पहले ग्राम प्रधान हंसा लोधियाल ने मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया। इस दौरान सांसद भगत सिंह कोश्यारी ने वार्षिकोत्सव में शिशु मंदिर में एक भवन निर्माण को तीन लाख रूपए देने की घोषणा की। और कहा जल्दी ही इस पैसे को रिलिव कर दिया जायेगा। इस पर शिशु मंदिर प्रधानाचार्य, व्यवस्थापक और अध्यक्ष ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

सांसद कोश्यारी को जनप्रतिनिधियों एवं जनता के द्वारा दर्जनों ज्ञापन दिए गए। ज्ञापनों में धानाचूली देवलीधार मोटर मार्ग, शिव मंदिर निर्मण कार्य, राइका धानाचूली प्रांगण में टीन शैड, कृशि कार्यालय धारी खोलने एवं बेमौसमी बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने के पत्र थमाए। इस दौरान क्षेत्र प्रमुख अंजु नयाल, विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र पाठक एवं एरिक पाठक, अमरनाथ सोन, बीओ हवलदार प्रसाद, ग्राम प्रधान हंसा लोधियाल, व्यवस्थापक तेज सिंह बिष्ट, अध्यक्ष नर सिंह, प्रधानाचार्य किशन सिंह नयाल, पूरन सिंह बिष्ट प्रधानाचार्य विद्या मंदिर नैनीताल, मदन जलाल सुयालबाड़ी, खीम सिंह गरमपानी, विभाग संचालक कामेश्वर काल, तहसीदार दामोदर पांडे, एसओ मुकतेश्वर रविंद्र कौशल, भूपाल सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष हेमंत बिष्ट, कुंदन बिष्ट, दीपक दानी, चदंन लोधियाल, ग्राम प्रधान कौल दीपा बिष्ट सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।